# विज्ञान दिवस पर निबंध हिंदी में | Science Day Essay in Hindi

प्रस्तावना:- विज्ञान की मदद से इंसानों ने कई तरह की खोज कर अपने जीवन को बेहतर और आसान बना लिया है। Science के जरिए ही हम लोगों ने नई तरह की Technologies का आविष्कार किया है। वही हर रोज ना जाने हमें Science की मदद से बनाई गई कितनी चीजों का इस्तेमाल करना पड़ता है। विज्ञान की मदद से हमने धरती से लेकर अंतरिक्ष तक का सफर किया है। विज्ञान हमारे जीवन में काफी अहम योगदान रखता है और हर स्कूल में इस विषय को बच्चों को भी पढ़ाया जाता है। भारत की धरती पर कई महान Scientist ने जन्म लिया है। इन महान वैज्ञानिकों की बदौलत ही India ने विश्व भर में एक अपना अलग ही मुकाम हासिल कर लिया है। हमने कई रॉकेट को अंतरिक्ष में एक साथ भेजकर पूरी दुनिया में अपना सर गर्व से ऊंचा किया है।

आज से कई वर्ष पूर्व 28 फरवरी के दिन भारतीय वैज्ञानिक सीवी रमन के द्वारा रमन प्रभाव (Raman Effect) की खोज की गई थी। इसी दिन को यादगार बनाने के लिए 28 फरवरी को हर साल विज्ञान दिवस (Science Day) के रूप में मनाने की घोषणा की गई। डॉ चंद्रशेखर रमन तमिल ब्राह्मण थे, जिन्होंने भारत में कई शोध कार्य किए हैं। उन्हें कई पुरस्कारों से भी सम्मानित किया गया और उन्हें 1930 में Nobel Prize भी दिया गया था। उनके इस प्रयास को भविष्य में याद रखने के लिए 1986 में नेशनल काउंसिल फॉर साइंस एंड टेक्नोलॉजी कम्युनिकेशन (National Council for Science and Technology Communication) के द्वारा 28 फरवरी को विज्ञान दिवस के रूप में घोषित किया गया। इस दिन को भारत के वैज्ञानिक, शैक्षणिक, चिकित्सा, तकनीकी और अनुसंधान संस्थानों सहित कई स्कूलों, कॉलेजों, और शैक्षणिक संस्थानों में छात्रों, शिक्षकों, वैज्ञानिकों, और शोधकर्ताओं द्वारा मनाया जाता है।

- जीवन पर विज्ञान का प्रभाव

वर्तमान युग में मनुष्य की जीवन को आसान बनाने के अनेक साधन मौजूद है जो मनुष्य को विलासिता पूर्ण जीवन का आदि बना रहे हैं। ऐसे ही कुछ साधन एसी, फ्रिज, कंप्यूटर आदि है। जीवन के हर क्षेत्र में शायद ही ऐसा कोई कोना बचा हो जहां Science ने अपना कदम ना रखा हो। विज्ञान ने मानव के जीवन को विलासिता पूर्ण करके इंसान को आलसी बना दिया है। विज्ञान ने समय और गति सीमा में क्रांति पैदा कर दी है। इस क्षेत्र में शौचालय, तीव्रता वाले वाहन, सड़क, जलमार्ग और वायु मार्ग पर समय और धन की बचत करते हुए कई Inventions हुए हैं। आज बिजली का प्रयोग हमारे घरों की सफाई से लेकर खाना पकाने जैसे छोटे बड़े सभी कामों में उपयोग होती है। आज हम घर बैठे मूवी क्रिकेट हो या भूकंप आपदा या फिर युद्ध की स्थिति सभी प्रकार की जानकारी हमें टीवी और मोबाइल के जरिए एक जगह बैठे ही प्राप्त हो रही है। अतः हम कह सकते हैं कि मानव जीवन पर विज्ञान का काफी प्रभाव है।।

## प्रकृति और विज्ञान में समानता

प्रकृति से हमें काफी चीजें मुफ्त में मिली है। Nature ने हमें काफी कुछ उपहार स्वरूप देकर हमारे जीवन को स्वतंत्र रूप से चलने में सहायता की है। वही Science ने हमारे जीवन में जो कठिनाइयां है उसे दूर कर चीजों को सरल बनाया है। प्रकृति और विज्ञान हर पल नित नए Practical करती रहती है। बिना Experiment किए विज्ञान किसी चीज को नहीं मानता, वही प्रकृति के अंदर ही यह सारे Experiment किए जाते हैं। हम कह सकते हैं कि विज्ञान भी प्रकृति की ही देन है।